फर्जी बीमा-रजिस्ट्रेशन का मामला

# उद्योगपति रोहित खटवानी की अग्रिम जमानत अर्जी हाईकोर्ट से खारिज

**जबलपुर।** फर्जी बीमा-रजिस्ट्रेशन के मामले में खटवानी मोटर्स के रोहित खटवानी की अग्रिम जमानत हाईकोर्ट से खारिज हो गई है। दरअसल, कुछ देर बहस करने के बाद आवेदक के अधिवक्ता ने अर्जी वापस लेने की मांग की, जिसे जस्टिस संजीव एस कलगांवकर की सिंगल बेंच ने स्वीकार कर लिया। इसके पहले ट्रायल कोर्ट ने भी जनवरी में अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

यह मामला तब सामने आया था जब एक दुर्घटना में मृत व्यक्ति के वाहन के बीमा दस्तावेज फर्जी पाए गए। जांच में सामने आया कि वाहन की वास्तविक बिक्री 23 अक्टूबर 2019 को हुई थी, लेकिन बाद में 4 नवंबर 2019 की कूटरचित इनवॉइस तैयार कर रजिस्ट्रेशन कराया गया। इस हेराफेरी के कारण मृतक के परिवार को बीमा का लाभ नहीं मिल सका, जबकि पूरी राशि



पहले ही जमा कर दी गई थी। इस मामले में ईओडब्ल्यू ने रोहित खटवानी व उसके प्रबंधक अनिरुद्ध प्रताप सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। ईओडब्ल्यू की जांच में यह साबित हुआ कि फर्जी इनवॉइस, बीमा और रजिस्ट्रेशन दस्तावेज खटवानी के शोरुम के कंप्यूटर और प्रिंटर से ही तैयार किए गए थे।

भवन गिराने पर पूर्व में हाईकोर्ट द्वारा लगाई रोक बरकरार

## गोरखपुर के 12 किरायेदारों को दुकान खाली करने का आदेश निरस्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर नगर निगम के उस नोटिस और नोटशीट को रद्द कर दिया, जिसके तहत गोरखपुर के मुख्य मार्ग पर 12 किरायेदारों को दुकान खाली करने को कहा गया था। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि उक्त भवन का स्ट्रक्चर इंजीनियर से सर्वे करवाएं और वर्तमान स्थिति पता करें। यदि रिपोर्ट में भवन गिराने की बात आती है तो सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान कर अंतिम निर्णय पारित करें। कोर्ट ने साफ कहा कि अंतिम निर्णय आने तक भवन गिराने पर पूर्व में लगाई रोक बरकरार रहेगी।

जबलपुर निवासी हरिप्रसाद पटेल व अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि ये दुकानदार पिछले पांच दशक से अधिक समय से इन 12 दुकानों के किरायेदार हैं और इन्हीं से अपनी आजीविका चला रहे हैं। जबलपुर शहर में संपत्ति की दरों में वृद्धि के बाद सेठ नाथुमल जैन ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने इन किरायेदारों को परिसर से बेदखल करने की मांग की। किरायेदारों के खिलाफ बेदखली का मुकदमा दायर करने के बजाय, संपत्ति के ट्रस्टी ने जबलपुर नगर निगम के साथ मिलीभगत करके सभी 12 दुकानदारों को नोटिस जारी करने के लिए मजबूर किया। इन नोटिसों में जबलपुर नगर निगम को निर्देश दिया गया था कि वे 3 दिनों के भीतर दुकानें खाली कर दें अन्यथा जबलपुर नगर निगम पूरी इमारत को ध्वस्त कर देगा। विध्वंस का खर्च भी दुकानदारों से वसूला जाएगा। पूर्व में हाईकोर्ट ने इस पर अंतरिम रोक लगाई थी।



पीरजी कंपाउंड में अवैध निर्माण ध्वस्त

## ओपन डिफेंस लैंड पर चला बुलडोजर

**जबलपुर।** शुक्रवार को कैंट बोर्ड और रक्षा संपदा विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पीरजी कंपाउंड स्थित ओपन डिफेंस लैंड पर हो रहे अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से पूरे बगीचा क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई और आसपास के लोगों में खलबली मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सर्वे क्रमांक 165, पीरजी कंपाउंड में गयासुद्दीन कुरैशी द्वारा खुली रक्षा भूमि पर करीब एक हजार वर्गफीट क्षेत्र में अवैध रूप से मकान का निर्माण किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि अतिक्रमणकारी ने पक्का मकान बनाने की मंशा से नींव भरवा ली थी और दीवार खड़ी करने की तैयारी भी शुरू कर दी थी।

इस अवैध निर्माण को लेकर कैंट बोर्ड और रक्षा संपदा विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को दोनों विभागों की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और बिना देरी किए कार्रवाई शुरू कर दी। टीम ने बुलडोजर की मदद से निर्माणाधीन ढांचे को पूरी तरह से तोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले। इस दौरान कैंट बोर्ड की ओर से इंजीनियर अनुराग आचार्य, अतिक्रमण दल प्रभारी नितेश पटेरिया मौजूद रहे, जबकि रक्षा संपदा विभाग से एसडीओ जितेंद्र कुमार और उमेश कांबले ने कार्रवाई का नेतृत्व किया। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि कहीं भी अवैध निर्माण पाया जाता है, तो इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# डेटा एनालिसिस से गेहूं उपार्जन पर रखी जायेगी नजर

**जबलपुर।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के दौरान गेहूं उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिले में बिचौलियों पर लगाम कसने और वास्तविक किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "डेटा एनालिसिस थ्रू डीप डाइव इन एग्रीकल्चर-थ्रू जनरेटिव एआई" सेल का गठन किया गया है। जनरेटिव एआई सेल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप डेटा एनालिसिस के माध्यम से उपार्जन संबंधी विभिन्न पोर्टलों, जैसे कृषि विभाग, मंडी, परिवहन और राजस्व के आंकड़ों का गहन अध्ययन करेगा। इस तकनीक के इस्तेमाल से संदिग्ध गतिविधियों और डेटा में होने वाले अप्रत्याशित बदलावों की पहचान कर शासन को होने वाली राजस्व हानि को रोका जा सकेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने इस विशेष सेल की कमान संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र अहाके को सौंपी है। उन्हें सेल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रमोद मिश्रा, अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आदित्य सिंह और जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर चित्रांशु त्रिपाठी सहित कुल नौ विशेषज्ञों को इस सेल में शामिल किया गया है। इनमें आईटीआई और पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञ भी शामिल हैं। कलेक्टर ने जिला आपूर्ति नियंत्रक एवं कृषि उपज मंडी समितियों के सचिवों को निर्देश दिए हैं कि वे पिछले तीन वर्षों के कृषक पंजीयन, धान और गेहूं विक्रय की मात्रा और भुगतान संबंधी संपूर्ण डेटा इस सेल को उपलब्ध कराएं। एआई सेल उपलब्ध डेटा का विश्लेषण कर अपनी रिपोर्ट जिला उपार्जन समिति की बैठक में प्रस्तुत करेगी। एआई सेल के नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे पोर्टल पर होने वाली खरीदी के डेटा में किसी भी प्रकार के अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव, जैसे एक ही दिन में अत्यधिक मात्रा में खरीदी या अन्य संदिग्ध पैरामीटर्स की जांच कर प्रतिदिन होने वाली बैठक में रिपोर्ट दें।



कामकाज में सुस्ती से बढ़ी परेशानी

## कुलसचिव बदले, फिर भी रादुविवि पुराने ढर्रे पर

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) में प्रशासनिक बदलाव के बावजूद व्यवस्था में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। कुलसचिव के पद पर नए अधिकारी की नियुक्ति के बाद कामकाज में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन हालात अब भी पुराने ढर्रे पर ही चलते दिखाई दे रहे हैं। फाइलों की धीमी रफ्तार और निर्णय लेने में देरी के कारण कर्मचारी और संबंधित विभाग परेशान हैं।

सबसे बड़ा उदाहरण 30 मार्च को आयोजित ईसी (कार्य परिषद) और कोर्ट (महासभा) की महत्वपूर्ण बैठकों का है, जिनके मिनिट्स एक महीने बाद भी जारी नहीं किए जा सके हैं। इन बैठकों में लिए गए फैसलों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय होती है, लेकिन मिनिट्स के अभाव में कई विभागों का काम अटका हुआ है। इससे कर्मचारियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल के पदभार संभालने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार और गति आने की उम्मीद थी। लेकिन हकीकत में फाइलें अब भी पहले की तरह धीरे-धीरे आगे बढ़ रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि छोटे-छोटे मामलों के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं।



### समीक्षा बैठक भी ठंडे बस्ते में

(महासभा) की बैठक में वार्षिक बजट को इस शर्त के साथ मंजूरी दी गई थी कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में यह देखा जाना था कि स्वीकृत बजट और कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रशासन ने क्या कदम उठाए हैं। इस अहम बैठक में महापौर, विधायक, शासन के प्रतिनिधि और कार्य परिषद के सदस्य मौजूद थे। सभी ने समय पर समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक न तो बैठक की कोई तैयारी नजर आ रही है और न ही मिनिट्स जारी किए गए हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि जब निर्णयों का रिकॉर्ड ही जारी नहीं हुआ, तो समीक्षा कैसे होगी।

### कर्मचारी संघ सख्त, आंदोलन की चेतावनी

प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली से नाराज कर्मचारी अब आंदोलन की राह पर जाने को मजबूर हो रहे हैं। कर्मचारी संघ ने कुलसचिव कार्यालय को मांग पत्र सौंपते हुए साफ कहा है कि जो मुद्दे स्थानीय स्तर पर सुलझाए जा सकते हैं, उन पर तत्काल निर्णय लिया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि यदि जल्द ही कामकाज में सुधार नहीं हुआ, तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। उनका आरोप है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण अनावश्यक देरी हो रही है, जिसका सीधा असर कर्मचारियों और विश्वविद्यालय के काम पर पड़ रहा है।

### उठ रहे सवाल

लगातार हो रही देरी और निर्देशों की अनदेखी के चलते रादुविवि प्रशासन पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जब नए अधिकारी के आने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा, तो बदलाव का फायदा क्या है। कुल मिलाकर, रादुविवि में प्रशासनिक ढांचे में बदलाव तो हुआ है, लेकिन कार्यशैली अब भी पुरानी बनी हुई है। यदि जल्द ही सुधार नहीं हुआ, तो इसका असर विश्वविद्यालय की पूरी व्यवस्था और छवि पर पड़ सकता है।

तेज धूप और लू के बीच पौधारोपण पर सवाल

## भीषण गर्मी में लग रहे पौधे क्या बचेंगे...?

**जबलपुर।** रानी अवंती बाई वार्ड के अंतर्गत गौरैया घाट और गौर नदी के पास प्रस्तावित गार्डन के भूमि पूजन की चर्चा के बीच नगर निगम का अमला सक्रिय नजर आ रहा है। लेकिन इन तैयारियों के बीच एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है—क्या इस भीषण गर्मी में लगाए जा रहे पौधे कुछ दिन भी जीवित रह पाएंगे? उद्यान विभाग द्वारा बिलहरी से लेकर गौर एकता मार्केट तक सड़क के डिवाइडरों पर तेजी से पौधारोपण कराया जा रहा है। तेज धूप और लू के बीच किए जा रहे इस काम को लेकर स्थानीय लोगों और जानकारों ने चिंता जताई है।

जानकारों का कहना है कि पौधारोपण के लिए सबसे सही समय मानसून का होता है, जब बारिश और नमी के कारण पौधे आसानी से विकसित हो पाते हैं। लेकिन अभी तापमान लगातार बढ़ रहा है और ऐसे में नए पौधों के सूखने की संभावना बहुत ज्यादा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अभी तो पुराने पेड़-पौधों को बचाना मुश्किल हो रहा है, ऐसे में नए पौधे लगाना समझ से परे है। कई लोगों ने इसे केवल दिखावे की तैयारी बताया है।

### लाखों खर्च, लेकिन परिणाम अनिश्चित

सूत्रों के अनुसार, इस पूरे सौंदर्यीकरण कार्य में लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन यदि पानी और देखभाल की उचित व्यवस्था नहीं रही, तो ये पौधे कुछ ही दिनों में सूख सकते हैं। ऐसे में सरकारी पैसे की बर्बादी का खतरा भी बढ़ गया है।

### कर्मचारियों में भी चिंता

उद्यान विभाग के कुछ कर्मचारियों ने भी इस फैसले पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि इस मौसम में पौधों को लगाना उनके जीवित रहने की संभावना को कम कर



देता है। हालांकि, अधिकारियों के निर्देश पर काम तेजी से कराया जा रहा है।

### दिखावे की तैयारी या स्थायी विकास

फिलहाल, गौर नदी के पास प्रस्तावित गार्डन की जमीन पर भी तेजी से काम चल रहा है, ताकि मुख्यमंत्री के सामने बेहतर तस्वीर पेश की जा सके। लेकिन सवाल यही है कि क्या यह हरियाली लंबे समय तक टिक पाएगी या फिर कुछ दिनों बाद सूखे पौधों में बदल जाएगी।

## गेहूँ उपार्जन आज भी होंगे स्लॉट बुक, खरीदी भी जारी रहेगी

**जबलपुर।** जिले में रबी विपणन सीजन के दौरान गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया को गति देने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शनिवार 25 अप्रैल को अवकाश होने के बाद भी जिले के सभी उपार्जन केंद्रों पर खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। इस संबंध में आधिकारिक निर्देश जारी कर दिए गए हैं ताकि अधिक से अधिक किसानों को अपनी उपज बेचने का अवसर मिल सके।

अधिकृत जानकारी के मुताबिक किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग का पोर्टल खुला रहेगा। जो किसान अपनी फसल बेचने के लिए समय निर्धारित करना चाहते हैं, वे 25 अप्रैल को इस प्रक्रिया को पूरा कर सकेंगे। इससे केंद्रों पर भीड़ प्रबंधन में मदद मिलेगी और किसानों को अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

विभाग ने तकनीकी टीम को भी मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं ताकि पोर्टल संचालन में कोई बाधा न आए। इस संबंध में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने गेहूँ उपार्जन की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम और संबंधित विभागीय अधिकारियों को सक्रिय रहने के लिए कहा है। उन्होंने निर्देशित किया है कि शनिवार को खरीदी चालू रहने की सूचना तत्काल सभी खरीदी केंद्र प्रभारियों और समिति प्रबंधकों तक पहुंचाई जाए। परिवहन और भंडारण की व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त रखने पर जोर दिया गया है ताकि केंद्रों पर अनाज का उठाव समय पर होता रहे।

## जिला अस्पताल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत को परखा

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को सेठ गोविंददास विक्टोरिया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर संबंधित चिकित्सकों से उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली और उपचाराधीन मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने टाइप-1 डायबिटीज समर्पित साप्ताहिक फॉलोअप क्लीनिक का अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि प्रत्येक शुक्रवार को ओपीडी नंबर 9 में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक संचालित होने वाला यह क्लीनिक जिले के गंभीर मधुमेह रोगियों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध हो रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ परामर्श, गहन उपचार और मधुमेह शिक्षा उपलब्ध होने से मरीजों को काफी राहत मिल रही है। इस व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी मरीजों को पूरे महीने के लिए निःशुल्क इंसुलिन, सीरिंज, ग्लूकोमीटर और 100 स्ट्रिप्स की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ पूरी तरह समाप्त हो गया है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मरीजों के ब्लड शुगर रिकॉर्ड के आधार पर उनकी खुराक का सटीक समायोजन निरंतर जारी रहे और किसी भी आपात स्थिति या जटिलता की पहचान होने पर उन्हें तत्काल बेहतर मेडिकल सुविधा सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने इस दौरान मधुमेह पीड़ितों को माय टी1डी किट भी प्रदान की।

उत्कृष्ट टर्नआउट वाले जवानों को किया सम्मानित, ड्रिल प्रदर्शन का लिया जायजा

# जनरल परेड का निरीक्षण, कप्तान ने परखा अनुशासन और दक्षता

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस विभाग में अनुशासन और कार्यकुशलता को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड में जनरल परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने परेड का निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, अनुशासन तथा ड्रिल दक्षता का मूल्यांकन किया।

### सलामी के साथ शुरू हुई परेड, स्क्वॉड ड्रिल का प्रदर्शन

परेड ग्राउंड पहुंचने पर सूबेदार अमित शिववंशी ने पुलिस अधीक्षक को सलामी दी, जिसके बाद जनरल परेड प्रारंभ हुई। परेड के दौरान विभिन्न प्लाटूनों ने स्क्वॉड ड्रिल का प्रदर्शन किया, जिसमें जवानों की तालमेल, अनुशासन और प्रशिक्षण का स्तर स्पष्ट रूप से नजर आया। एसपी ने बारीकी से निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### ड्रिल और यातायात संकेतों का किया मूल्यांकन

जनरल परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों का व्यक्तिगत निरीक्षण किया। इस दौरान उत्कृष्ट वर्दी और टर्नआउट वाले जवानों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही प्लाटूनों द्वारा प्रस्तुत आर्म्स ड्रिल एवं यातायात प्लाटून की मैनुअल सिग्नल ड्रिल का अवलोकन कर उनकी दक्षता को परखा गया।



### वरिष्ठ अधिकारियों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, शहर एवं देहात के थाना प्रभारी और विभिन्न थानों से आए लगभग 240 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिम का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

परेड के समापन के बाद कप्तान उपाध्याय ने पुलिस लाईन स्थित जिम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने फिटनेस संसाधनों की स्थिति का जायजा लेते हुए जवानों की शारीरिक क्षमता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अनुशासन, फिटनेस और प्रशिक्षण ही पुलिस बल की मजबूती के आधार हैं, जिन्हें निरंतर बनाए रखना आवश्यक है।

16-16 घंटे चल रही विलंब से, यात्री परेशान

## यात्रियों का पसीना बहा रही समर स्पेशल ट्रेने

**जबलपुर।** भीषण गर्मी के बीच रेल यात्रियों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार 24 अप्रैल को जबलपुर से गुजरने वाली समर स्पेशल ट्रेनें 16 घंटे से भी ज्यादा की देरी से चल रही हैं। इससे यात्रियों को तेज गर्मी और उमस में लंबे समय तक स्टेशन पर इंतजार करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को हो रही है। रेलवे द्वारा समर सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, लेकिन ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण इनका फायदा यात्रियों को नहीं मिल पा रहा है। यात्रियों का कहना है कि सिर्फ ट्रेनें चलाना ही काफी नहीं है, उनकी समय पर आवाजाही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

हालात ऐसे हैं कि यात्रियों को यह भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है कि ट्रेन कब आएगी और अपने गंतव्य तक कब पहुंचेगी। ट्रेन के समय में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार, 05558 एलटीटी-रक्सौल करीब 16 घंटे 15 मिनट, 01450 दानापुर-हडपसर 15 घंटे, 01044 समस्तीपुर-एलटीटी 13 घंटे 45 मिनट, 03252 एसएमवीबी-दानापुर 10 घंटे 20 मिनट, 05791 किशनगंज-उधना 6 घंटे 45 मिनट, 05590 हडपसर-मुजफ्फरपुर 6 घंटे और 01449 पुणे-दानापुर करीब 3 घंटे 30 मिनट की देरी से चल रही हैं। लगातार बढ़ती देरी के कारण यात्रियों में नाराजगी देखी जा रही है और वे रेलवे से व्यवस्था सुधारने की मांग कर रहे हैं।

## सफाई ठेकेदारों पर पेनाल्टी हटाने का प्रस्ताव खारिज

# नगर निगम बैठक : नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हंगामा

**जबलपुर।** नगर निगम की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को कई अहम मुद्दों और तीखी बहस के बीच संपन्न हुई। बैठक के दौरान प्रस्ताव क्रमांक 18 सबसे ज्यादा चर्चा में रहा, जिसमें सफाई ठेकेदारों पर लागू पेनाल्टी प्रावधान को हटाने की बात रखी गई थी। प्रस्ताव के अनुसार यदि ठेकेदार 70 प्रतिशत सफाई कर्मचारियों की आपूर्ति नहीं करता है, तो उस पर जुर्माना लगाने की बाध्यता समाप्त करने का सुझाव था। जैसे ही यह प्रस्ताव सदन में रखा गया, विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के पार्षदों ने भी इसका खुलकर विरोध किया। पार्षदों का कहना था कि यदि पेनाल्टी का प्रावधान हटा दिया गया तो ठेकेदार मनमानी करेंगे और वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित होगी। बढ़ते विरोध को देखते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि उनके किसी भी पार्षद को इस प्रस्ताव पर आपत्ति है, तो इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसके बाद प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया।इस फैसले के साथ अब स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है कि सफाई ठेकेदारों को पूर्व निर्धारित टेंडर शर्तों के अनुसार ही तय संख्या में कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। यदि इसमें लापरवाही पाई जाती है तो उनके खिलाफ पेनाल्टी की कार्रवाई जारी रहेगी।सदन में इस मुद्दे पर पार्षद जीतू कटारे, महेश राजपूत, अतुल दाणी, राहुल साहू और प्रिया तिवारी ने अपनी बात रखते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। पार्षद जीतू कटारे ने कहा कि पेनाल्टी का प्रावधान ठेकेदारों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जरूरी है। इससे उन्हें यह संदेश जाता है कि लापरवाही की स्थिति में उन्हें आर्थिक दंड भुगतना पड़ेगा।



पार्षदों की इस मांग को महापौर अन्नू ने भी समर्थन दिया और स्पष्ट किया कि टेंडर की मूल शर्तों में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा। इसके बाद सदन में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पेनाल्टी का प्रावधान यथावत रखा जाएगा।महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू ने कहा, साधाराण सभा के 19 में से 18 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुये. नारी वंदन वाला प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुआ. वहीं नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने कहा यह विपक्ष और शहरवासियों की जीत है की सफाई ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने लाया गया, प्रस्ताव हमने पास नहीं होने दिया. अगर यह प्रस्ताव पास होता तो शहर में सफाई ठेकेदारों की मनमानी हदपार कर जाती और सफाई व्यवस्था पूरी तरह ढह जाती.

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर गरमाया माहौल

बैठक के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भी सदन में तीखी बहस देखने को मिली। कांग्रेस की महिला पार्षदों ने इस अधिनियम को भाजपा का चुनावी एजेंडा बताया, वहीं भाजपा पार्षदों ने कांग्रेस पर महिलाओं के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए माफी मांगने की मांग की। पार्षद जीतू कटारे ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के मुद्दे पर कांग्रेस की भूमिका को देश की महिलाएं नहीं भूलेंगी और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देंगी। इस बयान के बाद सदन में हंगामे की स्थिति बन गई और कुछ समय तक कार्यवाही प्रभावित रही। अंत हंगामे के बीच ही अन्य प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के अंत में निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने सदन की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की।



## कुण्डम में मेधावी छात्रों का सम्मान

# नवनियुक्त डीएसपी ने साझा किए सफलता के गुरुमंत्र

**जबलपुर।** विकासखंड कुण्डम के इतिहास में पहली बार शैक्षणिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनुविभागीय कार्यालय में एक भव्य मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित यह विशेष कार्यक्रम एसडीएम सुश्री प्रगति गणवीर और विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री पूनम बरकड़े के संयुक्त मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अनूठी पहल के माध्यम से पहली बार ब्लॉक स्तर पर इतने व्यापक पैमाने पर ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया गया, जिसकी क्षेत्र के पालकों और शिक्षाविदों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित नवनियुक्त डीएसपी श्री हेमंत कुमार और नवनियुक्त डीएसपी श्री हर्ष राठौर ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानियों को साझा करते हुए छात्र-छात्राओं को कैरियर निर्माण तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं एसडीएम सुश्री गणवीर ने मेधावियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी पहल से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना विकसित होती है। अतिथियों द्वारा कक्षा 12वीं की मेरिट सूची में स्थान बनाने वाली खुशबू झारिया, पंकज चंदेल, शैलजा विश्वकर्मा, भावनी बर्मन, देवकरण चंदेले तथा कक्षा 10वीं के मेधावी छात्र महेश कुमार परस्ते, रितिका साहू, अलविया खान, जयश्री बर्मन और हिना को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# गेहूं खरीदी व्यवस्था से नाराज किसान, 5 दिन का अल्टीमेटम

**जबलपुर।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चल रही गेहूं खरीदी की व्यवस्थाओं से नाराज किसानों ने शुक्रवार को भारतीय किसान संघ जबलपुरके नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरीको दिया गया। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 5 दिनों में सुधार नहीं हुआ तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामदास पटैलने बताया कि सैटेलाइट सर्वे के कारण पंजीयन में गड़बड़ी हुई है, जिससे छोटे किसानों की स्लॉट बुकिंग देर से शुरू हुई। अभी केवल छोटे किसानों की खरीदी हो रही है, जबकि 2 हेक्टेयर से अधिक जमीन वाले मंझोले और बड़े किसानों की खरीदी शुरू नहीं हुई है। उन्होंने मांग की कि इन किसानों की खरीदी तुरंत शुरू की जाए और खरीदी केंद्रों पर रोजाना तुलाई की मात्रा 3000 क्विंटल बढ़ाई जाए। साथ ही स्लॉट बुकिंग की तारीख 20 मई और खरीदी की अंतिम तारीख 31 मई तक बढ़ाई जाए।कुंडम तहसील से आए किसानों ने तिलसानी में नया खरीदी केंद्र खोलने की मांग भी रखी।

जिला सह मंत्री और पाटन के किसान सुनील पटैलने कहा कि सरकार को अपने वादे के अनुसार पंजीकृत सभी किसानों से गेहूं और चना का एक-एक दाना खरीदना चाहिए।पनागर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटैलऔर शहपुरा तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र साहूने बढ़ती गर्मी को देखते हुए खरीदी केंद्रों पर साफ पेयजल, चिकित्सा सुविधा और टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था करने की मांग की।इस दौरान अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष राजकुमार पटैल, जिला कोषाध्यक्ष प्रेमचंद कुर्मी, जिला प्रचार प्रमुख भरत पटैल, सुजीत पटैल, विनय पटैल, निषांत पटैल, सुखविंदर सिंह, मनोज पटैल, सुनील पटैल, सरपंच घनश्याम सिंह, देवीदीन सेन, अजय पटैलसहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### युवक पर प्राणघातक हमला

जबलपुर। अधारताल थाना अतंर्गत महाराजपुर व्हीकल मोड़ के पास खड़े होकर अपने दोस्त से बात कर रहे एक युवक पर तीन बदमाशों ने प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया।अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वेलकम कालोनी निवासी 26 वर्षीय फोटोग्राफर अभिषेक पांडे गत रात 11.10 बजे महाराजपुर व्हीकल मोड़ शराब दुकान के पास स्थित किराना दुकान से सामान लेने गया था, तभी उसका दोस्त मिला जिससे वह बात करने लगा। उसी समय शुभम मिश्रा अपने दो दोस्तों के साथ आया और उससे बोला कि तू बहुत उड़ रहा है कहते हुए गालियां देने लगा, मना करने पर तीनों ने मारपीट की और शुभम ने चाकू से उस पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 109, 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# नगर निगम साधारण सभा में 19 में से 18 प्रस्ताव पारित, 97 करोड़ के टेंडर को मंजूरी

**जबलपुर।** नगर निगम की साधारण सम्मिलन बैठक महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में शहर के विकास, स्वच्छता और नामकरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

सदन में प्रस्तुत 19 में से 18 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। महापौर ने कहा कि यह पार्षदों के बीच विकास के प्रति साझा दृष्टिकोण और सकारात्मक सहयोग को दर्शाता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रस्ताव में पार्षदों की भूमिका सर्वोपरि है। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 97 करोड़ रुपये की लागत से स्वास्थ्य विभाग का टेंडर शीघ्र जारी करने का निर्णय लिया गया। इससे शहर की सफाई व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।



बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित प्रस्ताव को भी बहुमत से पारित किया गया, जिसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसके अलावा शहर के विभिन्न मार्गों और स्थानों के नामकरण से जुड़े प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किए गए, जिनमें अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग, मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज मार्ग, काशीनाथ शर्मा मार्ग, जस्टिस राज कृष्ण तन्खा मार्ग सहित अनेक नामकरण शामिल हैं। महापौर ने कहा कि यह निर्णय शहर की विरासत, पहचान और विकास को एक साथ आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जबलपुर के विकास और स्वच्छता को "नई उड़ान" मिलेगी।



# सामाजिक समरसता संत यात्रा का किया स्वागत, गूंजे एकता के नारे

**मझौली।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा महाकौशल प्रांत में निकाली जा रही सामाजिक समरसता संत यात्रा का सोमवार को मझौली प्रखंड में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर सभी समाज के वर्गों द्वारा उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया गया। गोसलपुर प्रखंड में जिला सुरक्षा प्रमुख मोटी दुबे, धर्म सह-प्रसार प्रमुख मनीष साहू एवं कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान "जात-पात की करो विदाई, हम सब हिंदू भाई-भाई" जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सामाजिक एकता और समरसता बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया तथा छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान किया गया। यात्रा के दौरान राष्ट्रीय कथावाचक परम पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के आशीर्वचन भी प्राप्त हुए। इस अवसर पर सामाजिक समरसता प्रमुख संतोष चौबे, जिला मंत्री अर्जुन कुशवाहा, सचिन पांडे, जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा, उपाध्यक्ष अंजली पांडे, उपाध्यक्ष अजय कनकने, रामस्वरूप समित, गोलू पांडे, नितिन ठाकुर, भूरा कुशवाहा, प्रहलाद कुशवाहा, आशीष साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ: कथा में राम विवाह प्रसंग से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु




फोटो मझौली

**मझौली।** ग्राम पंचायत इंद्राना कापा में आयोजित भव्य 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। 20 अप्रैल से 27 अप्रैल तक चल रहे इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया है। प्रतिदिन आयोजित हो रही श्री राम कथा में कथा वाचक सीता शरण जू महाराज (सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़) द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। आज की कथा में शिव धनुष भंग, सीता स्वयंवर एवं राम विवाह का प्रसंग सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कथा के दौरान महाराज श्री ने बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श, मर्यादा और धर्म का प्रतीक है तथा धनुष भंग और विवाह प्रसंग धर्म, सत्य और प्रेम की विजय का संदेश देता है। इस आयोजन का श्रेय लोढ़ा पहाड़ वाले दादा जी की असीम कृपा को दिया जा रहा है, जिनकी प्रेरणा से यह महायज्ञ सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। यज्ञ स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर हवन, पूजन एवं कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा यज्ञ को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे इंद्राना कापा ग्राम पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा हुआ है।

# एयरपोर्ट पर आपात स्थिति से निपटने मंथन

**जबलपुर।**

जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर आज सुरक्षा और आपातकालीन प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने की। एरोड्रम कमेटी की इस उच्च स्तरीय बैठक में एयरपोर्ट डायरेक्टर सहित समिति के सभी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में होने वाले किसी भी प्रकार के अवैधानिक हस्तक्षेप को रोकना और सुरक्षा व्यवस्थाओं को अभेद्य बनाना रहा। इस दौरान एयरपोर्ट सुरक्षा से जुड़े विभिन्न उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई और यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी अवांछित घटना की स्थिति में जिला प्रशासन और एयरपोर्ट अथॉरिटी के बीच त्वरित समन्वय स्थापित रहे, ताकि तत्काल प्रभाव से आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा सके। उड्डयन सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत नागरिक सुरक्षा और हाईजैकिंग जैसे गंभीर घटनाक्रमों के प्रबंधन के लिए गठित चार प्रमुख समितियों में से एरोड्रम कमेटी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**एरोड्रम कमेटी की उच्च स्तरीय बैठक हुई**

बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि यदि भविष्य में कभी भी ऐसी कोई आपातकालीन स्थिति निर्मित होती है, तो एटीसी से सूचना प्राप्त होते ही यह कमेटी बिना किसी विलंब के सक्रिय हो जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा, त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य अनिवार्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्राथमिकता रहेगी। यह समिति संकट के समय जिला प्रशासन और उड्डयन विभाग के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करेगी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को हर हाल में बरकरार रखा जा सके।

# संतों के आशीर्वाद से हर मुश्किल आसान

## भक्ति भाव से मनाया गया पंचम पुण्य स्मरण दिवस

**शहपुरा।** कुलौन शहपुरा स्थित नरसिंह मंदिर सिद्धाघाट में गोलोकवासी महंत श्री नंदकिशोरदास जी महाराज का पंचम पुण्य स्मरण दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम परम पूज्य जगतगुरु डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महंत प्रकाशानंद जी महाराज, श्रीराम भारती सहित अन्य संत महात्माओं की उपस्थिति रही। पूजन-अर्चन, अभिषेक एवं संत उद्बोधन के पश्चात विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलौन, शहपुरा, छरपट, पाटन, जबलपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस अवसर पर विधायक नीरज सिंह सहित अमित तेहनगुरिया, सुभाष सिंह, संदीप जैन (गुड्डा), रंजीत सिंह, राधवेंद्र यादव (लालू), राजेन्द्र प्यासी, लोकराम कोरी, विध्येश भापकर, रामसिंह, दशरथ सिंह, ओमकार सिंह, लवकुश सिंह, गुरुवेंद्र सिंह, बारू बर्मन, जितेन पटेल, रघुवीर पटेल, रोहित पटेल एवं प्रवीण चतुर्वेदी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।



संतों ने अपने उद्बोधन में कहा कि संतों के आशीर्वाद से जीवन की कठिनाइयाँ सरल हो जाती हैं तथा धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार में संतों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

## पीडियाट्रिक सर्जन डॉ.रैना का महाप्रयाण

# देहदान कर पेश की सेवा की सर्वोच्च मिसाल

**जबलपुर,** । चिकित्सा जगत में 'मरीज प्रथम' के संकल्प को जीने वाले विख्यात पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. बी.के. रैना का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया, लेकिन उनका जीवन और उनके अंतिम संस्कार की गरिमा समाज के लिए युगों तक प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. रैना ने अपने जीवन के अंतिम क्षणों में भी मानवता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने अपना शरीर चिकित्सा शिक्षा और शोध के लिए मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग को दान कर समर्पण की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो विरले ही देखने को मिलती है।उनके इस महान संकल्प और समाज के प्रति निःस्वार्थ सेवा को देखते हुए उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। इस भावुक क्षण पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ. रैना का व्यक्तित्व समाज को सदैव एक नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने देहदान जैसे कठिन और पुनीत संकल्प को पूर्ण कर खुद को अमर कर लिया है।डॉ. रैना के अंतिम सफर में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, डॉ. प्रदीप कसार, अधीक्षक अरविंद शर्मा और डॉ. राजेश तिवारी सहित चिकित्सा जगत की तमाम बड़ी हस्तियों ने उन्हें नम आंखों से विदाई दी। उनके सहयोगियों ने उन्हें एक ऐसे मार्गदर्शक के रूप में याद किया जिन्होंने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अपना जीवन खपा दिया, बल्कि मृत्यु के पश्चात भी आने वाली पीढ़ी के चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन का मार्ग प्रशस्त किया।




**श्री महेंद्र पासी-** सुदामा नगर मदनमहल निवासी श्री नरेश पासी के पुत्र श्री महेंद्र पासी (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती राजकुमारी सोनी-** कोतवाली वार्ड निवासी श्री मनीराम सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी सोनी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सरजू यादव-** उडिय़ा मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री सरजू यादव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वीरेंद्र सिंह-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री वीरेंद्र सिंह (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मैना बाई चक्रवर्ती-** भानतलैया बकरा मार्केट के पास निवासी श्री सोने लाल चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती मैना बाई चक्रवर्ती (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद सरीन-** दत्त टावर नेपियर टाउन निवासी श्री विनोद सरीन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश अहिरवार-** सिद्धबाबा वार्ड पानी की टंकी के पास निवासी श्री मूलचंद अहिरवार के पुत्र श्री मुकेश अहिरवार (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रमिला वर्मा-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री प्रहलाद वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला वर्मा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विष्णु श्रीवास-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री विष्णु श्रीवास (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गौरी बाई बर्मन-** लडिय़ा मोहल्ला सूपाताल निवासी श्री छब्बी लाल बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती गौरी बाई बर्मन (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति वर्गाकार से.मी.
विज्ञापन साइज:- ... से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
विज्ञापन साइज:- ... से.मी. रंगीन 400/-
विज्ञापन साइज ... से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

# एआई के खतरों से निपटने के लिए साथ आएंगे बैंक, एसबीआई करेगा अगुवाई

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों के प्रमुखों के साथ एआई से जुड़े जोखिमों पर बैठक के बाद कहा कि भारत के बैंक तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण के कारण अब तक चुनौतियों और साइबर खतरों से निपटने में सक्षम रहे हैं, लेकिन अब उभरती नई तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए और अधिक मजबूत व बहुआयामी तैयारी की जरूरत है।


निर्मला सीतारमण

### एआई का इस्तेमाल चुनौतियों का सामना करने के लिए भी किया जा सकता है

उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह एआई से नई चुनौतियां पैदा हो रही हैं, उसी तरह एआई का इस्तेमाल इन चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए भी किया जाएगा। सरकार और बैंकिंग क्षेत्र मिलकर ऐसी रणनीति तैयार करेंगे, जिससे डिजिटल बैंकिंग प्रणाली को और सुरक्षित बनाया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा था कि भारत की मजबूत राजकोषीय स्थिति और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के पास नीतिगत फैसलों में अधिक लचीलापन है। उन्होंने कहा था कि देश के पास पूंजीगत व्यय कार्यक्रम जारी रखने, जरूरत पड़ने पर ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश रखने और प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित सहायता देने की क्षमता मौजूद है।

### *एन्थ्रोपिक के नए एआई मॉडल मिथोस को लेकर चिंता*

*उन्होंने कहा कि भारत के बैंकिंग तंत्र ने अब तक खुद को सुरक्षित और सक्षम साबित किया है, लेकिन मौजूदा हालात में पारंपरिक सुरक्षा उपाय पर्याप्त नहीं होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि मिथोस नाम से सामने आ रही नई चुनौती को लेकर अभी बहुत अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है, इसलिए इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इस मामले में टेक कंपनियों, विभिन्न नियामक संस्थाओं और दुनिया भर की सरकारों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क में है, ताकि यह समझा जा सके कि यह चुनौती किस रूप में सामने आ सकती है और उससे निपटने के लिए कैसी तैयारी जरूरी होगी। सीतारमण ने कहा कि सभी बैंकों को मिलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। इस समन्वित प्रयास का नेतृत्व एसबीआई के चेयरमैन करेंगे। आने वाले हफ्तों में बैंकों के बीच लगातार बैठकों और विचार-विमर्श का दौर चलेगा।*

---

### कर सलाहकारों एवं व्यापारियों के संगठन ने वित्तमंत्री को सौंपा ज्ञापन

# जीएसटी मामलों में अनिवार्य वर्चुअल सुनवाई के फैसले का किया विरोध

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2026 से जीएसटी मामलों में अनिवार्य वर्चुअल (ऑनलाइन) सुनवाई के फैसले का व्यापारियों और टैक्स विशेषज्ञों ने विरोध शुरू कर दिया है।

इस संदर्भ में विभिन्न व्यापारिक संगठनों और कर सलाहकारों ने उपमुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा को ज्ञापन सौंपकर इस निर्णय को वापस लेने या स्वैच्छिक बनाने की मांग की है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर विभाग ने 28 फरवरी 2026 को एसओपी जारी की थी,



फाइल फोटो

जिसके अनुसार 1 अप्रैल 2026 से धारा 73, 74, 74ए और अपीलीय मामलों में सुनवाई केवल वर्चुअल माध्यम से ही होगी, लेकिन व्यापारियों और कर सलाहकारों का कहना है कि पूर्णतः डिजिटल सिस्टम छोटे व्यापारियों और उन लोगों के लिए मुश्किल पैदा करेगा जो तकनीक के साथ सहज नहीं हैं। उन्होंने कहाकि आमने-सामने सुनवाई के बिना जटिल मामलों में दस्तावेजों की सही तरीके से व्याख्या करना कठिन होगा। संगठन के मध्य प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष राजेश्वर दयाल ने वाणिज्यिक कर मंत्री देवड़ा को बताया कि व्यक्तिगत सुनवाई का मौका ना देना नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध है । क्योंकि कर के मामले से जुड़े प्रकरणों में ऑनलाइन दस्तावेज प्रस्तुत करना एवं उन्हें अधिकारी को समझाना इतना सरल नहीं है। देश के सर्वोच्च न्यायालय प्रदेश के उच्च न्यायालय तथा केंद्रीय जीएसटी विभाग में भी वर्चुअल एवं व्यक्तिगत दोनों प्रकार से सुनवाई के मौके करदाताओं को दिए जाते है।

## हिंदुस्तान जिंक को 5,033 करोड़ का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ

**नई दिल्ली।** एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी और वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 चांदी उत्पादकों में शामिल हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने दक्षता-आधारित वृद्धि, मजबूत परिचालन निष्पादन और निरंतर लागत अनुशासन के आधार पर रिकॉर्ड वार्षिक प्रदर्शन दर्ज किया।

पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में हिंदुस्तान जिंक ने अब तक का सबसे अधिक 40,844 करोड़ का राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20 फीसदी ज्यादा रहा। कंपनी का एबिटडा भी 22162 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, जिसमें 27 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी हुई।

### निजी महाविद्यालयों की दो टूक

# विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर अब विश्वास नहीं!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि की कार्यप्रणाली से संबद्ध महाविद्यालय परेशान हो गए हैं। नियमित कार्यों में हो रही लेटलतीफी और गलतियों को लेकर उनका गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। दुर्गा महाविद्यालय में निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने दो टूक में कहा कि विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर अब विश्वास नहीं है। यह बैठक अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य संघ द्वारा बुलाई गई थी। 25 से अधिक कालेजों के प्राचार्यो ने हिस्सा लिया। अकादमिक कैलेंडर के परिपालन में हर साल होने वाले विलंब को देखते हुए 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित होते ही शासकीय विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने शासन से मांग करने का निर्णय लिया।

#### पूर्व में बनाई जाती थी कमेटी

निजी महाविद्यालय के शासी निकाय में अनिवार्य रूप से निजी महाविद्यालय के नियमित प्राचार्यो व वरिष्ठ प्राधायपकों को सम्मलित करने की मांग भी उनके द्वारा की गई। प्राचार्यों की मांग है कि महाविद्यालयीन परीक्षा में पारिश्रमिक बढ़ाया जाए। दो वर्ष पूर्व तक परीक्षा के समय सारणी जारी करने के पूर्व महाविद्यालय व विश्विद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों की एक कमेटी बनाई जाती थी, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो।

---

### रिलायंस के साथ 'टाइम 100 नेक्स्ट' की शुरुआत

## नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में दिसंबर 2026 में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

वैश्विक मीडिया ब्रांड टाइम ने भारत में पहली बार टाइम 100 नेक्स्ट इंडिया लांच करने का ऐलान किया है, जो रिलायंस के साथ साझेदारी में आयोजित किया जाएगा। इस पहल के तहत भारत और भारतीय मूल के 100 उभरते लीडर्स को चुना जाएगा। जो देश के भविष्य को दिशा दे रहे हैं। इसकी घोषणा न्यूयॉर्क में आयोजित टाइम100 गाला के दौरानटाइमकी सीईओ जेसिका सिबली और रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन नीता मुकेश अंबानी ने की। 'टाइम100 नेक्स्ट इंडिया ' सूची टाइम के संपादकों द्वारा तैयार की जाएगी और इसमें कला, विज्ञान, व्यवसाय, खेल और सामाजिक क्षेत्रों के उभरते प्रतिभाओं को शामिल किया जाएगा। यह सूची ऑनलाइन जारी की जाएगी और दिसंबर 2026 में



मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में एक खास गाला के साथ इसे सेलिब्रेट किया जाएगा। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन नीता एम. अंबानी ने कहाकि टाइम के साथ यह साझेदारी हमारे लिए खास है, क्योंकि इसके जरिए हम पहली बार टाइम100 नेक्स्टट इंडिया को मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में ला रहे हैं। हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि दुनिया की बेहतरीन चीजें भारत आएं और भारत की बेहतरीन प्रतिभा दुनिया तक पहुंचे।

## 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' वेब सीरीज पर केंद्र की रोक

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के जीवन और उससे जुड़े घटनाक्रमों पर आधारित वेब सीरीज 'लॉरेंस ऑफ पंजाब' पर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है। इसको लेकर पंजाब पुलिस ने केंद्र को पत्र लिख राज्य का माहौल खराब होने का हवाला देकर रोक की मांग की थी। दूसरी तरफ लॉरेंस के परिवार ने भी इस सीरीज का विरोध किया था। लॉरेंस बिश्नोई के परिवार ने इस सीरीज के कंटेंट, इसके निर्माण की प्रक्रिया और रिलीज होने के समय पर सवाल खड़े किए थे। वेब सीरीज बनाने के लिए न तो परिवार से परमिशन ली गई है और न ही सरकार से।

लॉरेंस के चाचा रमेश का कहना है कि फिल्म के प्रोड्यूसर पर इस मामले में सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। बता दें कि लॉरेंस गैंग ने साल 2022 में पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या, फिर 2023 में करणी सेना के नेता सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के मर्डर, एनसीपी विधायक बाबा सिद्दीकी की हत्या और सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की जिम्मेदारी ले चुका है। डॉक्यू सीरीज को बैन किए जाने की मांग पर इसके डायरेक्टर राघव दर का भी रिएक्शन आया है। बॉम्बे टाइम्स संग बातचीत में उन्होंने कहा- लॉरेंस ऑफ पंजाब को हमेशा सिर्फ एक क्राइम स्टोरी से कहीं ज्यादा समझा गया था। इस सीरीज के जरिए हमारा मकसद बस यही बताना था कि क्यों लोग खुद की ऐसी पहचान बनाते हैं।

## मिलावटी चाय : 30 टन नकली पाउडर जब्त, 10 गिरफ्तार

**हैदराबाद।** हैदराबाद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हैदराबाद फूड एडाल्टरेशन सर्विलांस टीम (एच-फास्ट) ने शुक्रवार को 15 अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर करीब 3000 किलोग्राम मिलावटी चायपत्ति जब्त किया। इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। एच-फास्ट के प्रभारी डीसीपी गायकवाड़ वैभव रघुनाथ ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि शहर के कई गोदामों में बड़े पैमाने पर चायपत्ति में मिलावट की जा रही है। पुख्ता जानकारी जुटाने के बाद इन ठिकानों पर छापे मारे गए। छापेमारी के दौरान जो खुलासा हुआ, वह चौंकाने वाला था। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों द्वारा असम और अन्य राज्यों से लाया गया एक्सपायर्ड और इस्तेमाल की हुई चायपत्ति बड़े पैमाने पर मिलावट के लिए इस्तेमाल की जा रही थी। जांच में सामने आया कि आरोपी चाय की गुणवत्ता और रंग बढ़ाने के लिए सिंथेटिक फूड कलर (जैसे सनसेट येलो और टार्ट्राजीन), गुड़ का घोल और खराब हो चुकी चायपत्ति मिलाते थे। इसके बाद इस मिलावटी चायपत्ति को अलग-अलग ब्रांड नामों से पैक कर बाजार में असली उत्पाद बताकर बेचा जाता था।

## टाटा मोटर्स ने लांच की अज़ुरा सीरीज के ट्रकों की रेंज



**इंदौर।** टाटा मोटर्स ने 7 से 55 टन की क्षमता वाले 17 नए अगली पीढ़ी के ट्रक लांच किए हैं, जिनमें मुख्य रूप से 'अजुरा' सीरीज शामिल है। ये ट्रक 3.6-लीटर डीजल इंजन, 18.5 टन जीवीडब्ल्यू और 12.5 टन तक की पेलोड क्षमता के साथ आते हैं। अजुरा सीरीज (जैसे अजुरा 1918) उन्नत सुरक्षा, बेहतर माइलेज और आरामदायक केबिन से लैस है। लॉन्च समारोह के दौरान टाटा मोटर्स लिमिटेड के ट्रक बिजनेस हेड और वाइस प्रेसिडेंट राजेश कौल ने टाटा मोटर्स की वरिष्ठ टीम के साथ मिलकर राजिंदर त्रेहन, राजदीप परिहार, और एसआरडब्ल्यू - हेमंत लड्डा जैसे प्रमुख ग्राहकों को गाड़ियों की चाबियां सौंपीं।

### सीआईआई और डीजीटीएस ने सीमा शुल्क सुधारों को बढ़ावा दिया

## व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए एईओ और शुल्क स्थगन का लाभ उठाना महत्वपूर्ण है: वैभव वोहरा

***सत्र में आयातकों निर्यातकों और व्यापार पेशेवरों ने भाग लिया***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय उद्योग परिसंघ (पश्चिमी क्षेत्र) ने करदाता सेवा महानिदेशालय के सहयोग से शुक्रवार को एक वेबिनार का आयोजन किया, जिसमें व्यापार को सुगम बनाने और अनुपालन में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रमुख सीमा शुल्क सुगमता उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

चर्चा का केंद्र बिंदु शुल्क स्थगन सुविधा थी, जो आयातकों के कार्यशील पूंजी संबंधी दबाव को कम करने में सहायक है, और अधिकृत आर्थिक संचालक (एईओ) योजना थी, जो अनुपालन करने वाले व्यवसायों के लिए त्वरित मंजूरी और कम निरीक्षण आवश्यकताओं की सुविधा प्रदान



वेबिनार

करती है। सीआईआई पश्चिमी क्षेत्र की अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं निवेश उपसमिति के अध्यक्ष और कॉन्टिनेंटल कैरियर्स प्राइवेट लिमिटेड एमडी वैभव वोहरा ने कहा कि भारत की व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता तेजी से इस बात पर निर्भर करेगी कि उद्योग एईओ और शुल्क स्थगन जैसी सुविधा उपायों का कितनी प्रभावी ढंग से लाभ उठाता है। व्यापक रूप से अपनाने से दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है और लेनदेन लागत में कमी आ सकती है। मुंबई स्थित एमजेडयू विश्वविद्यालय के डीजीटीएस के प्रधान एडीजी सुमित कुमार ने कहाकि हमारा ध्यान प्रक्रियाओं को सरल और अधिक पूर्वानुमानित बनाने पर है। इन सुधारों से जमीनी स्तर पर ठोस लाभ सुनिश्चित करने के लिए उद्योग के साथ निरंतर संपर्क और संवाद आवश्यक है। सत्र में आयातकों, निर्यातकों और व्यापार पेशेवरों ने भाग लिया, और कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियों और उपलब्ध योजनाओं के बारे में अधिक जागरूकता की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई।

### कम आवक और तेल मिलों की मांग के कारण सोयाबीन की कीमतों में उछाल

# मंडी में 6 हजार रुपए क्विंटल के पार हुआ सोयाबीन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वैश्विक भू-राजनीतिक संकट और तेल की कीमतों में अस्थिरता का सीधा असर भारतीय सोयाबीन बाजार पर पड़ा है, जिससे लंबे समय से समर्थन मूल्य से नीचे बिकने वाले सोयाबीन के भावों में तेजी देखने को मिल रही है। अप्रैल माह में सोयाबीन की कीमतों में लगभग 12 फीसदी की मजबूती आई है, जिसके पीछे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान मुख्य कारण है।

अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह में सोयाबीन की कीमतों में मजबूती देखी गई है और भोपाल सहित प्रदेश की कई प्रमुख मंडियों में सोयाबीन के दाम 6,000 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर को पार कर गए हैं। बाजार के जानकार और अनाज कारोबारी संजीव जैन के मुताबिक सोयाबीन की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है, लेकिन 6,000 का स्तर पार करने से किसानों को राहत मिली है।

प्रमुख मंडियों में कम आवक और तेल मिलों की मांग के कारण कीमतों में उछाल आया है। जानकार बताते हैं कि ईरान-अमेरिका और अन्य क्षेत्रीय संघर्षों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सप्लाई चेन बाधित हुई है, जिससे खाद्य तेल और कृषि उत्पादों की ढुलाई महंगी हो गई है।, भोपाल मंडी और आसपास के क्षेत्रों में सोयाबीन के भाव में मजबूती देखने को मिली है और यह 6,000 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर के आसपास या उससे ऊपर पहुंच गया है। सोयाबीन की पेराई मार्जिन मजबूत होने से प्रोसेसर अधिक उत्पादन कर रहे हैं, जिससे सोयाबीन की मांग और बढ़ी है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव के चलते अमेरिकी किसानों ने सोयाबीन की बुवाई कम की, जिससे भी वैश्विक बाजार में आपूर्ति तंग होने की आशंका है महाराष्ट्र के केंद्रो में सोयाबीन के भाव काफी तेज है।

---

## खबर संक्षेप

### एस्कॉर्ट्स कुबोटा के 3 नए ट्रैक्टर मॉडल लांच

**नई दिल्ली।** एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने प्रीमियम डिजीट्रैक सीरीज का विस्तार करते हुए 3 नए ट्रैक्टर मॉडल लांच किए हैं। डिजीट्रैक पीपी 46आई 4डब्ल्यूडी, डिजीट्रैक पीपी 43आई प्लस और डिजीट्रैक पीपी 41आई एल ये 45-55 एचपी रेंज के ट्रैक्टर हैं। डिजीट्रैक सीरीज में पेश किए गए नए ट्रैक्टर डिजीट्रैक पीपी 46आई 4डब्लूडी, डिजीट्रैक पीपी 43आई प्लस और डिजीट्रैक पीपी 41आई हैं।

### पोको ने पेश की पोको सी81 सीरीज

**बेंगलुरू।** पोको ने भारत में अपनी नई बजट स्मार्टफोन सीरीज - पोको सी 81 और पोको सी81एक्स को आधिकारिक तौर पर लांच कर दिया है। यह सीरीज मुख्य रूप से अपनी बड़ी बैटरी और सस्ती कीमत (9,999 और 10999 रुपए से शुरू) के लिए जानी जा रही है। पोको सी81 में दमदार 6300एमएएच की बैटरी है, जबकि सी81एक्स में 5200एमएएच की बैटरी दी गई है। सी81 में 6.9-इंच और सी81एक्स में 6.88-इंच का डिस्प्ले है।

### सैमसंग ने की एस26 अल्ट्रा के साथ सहयोग की घोषणा

**गुरूग्राम।** सैमसंग ने 20वीं सेंचुरी स्टूडियोज की आगामी फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' की रिलीज के लिए गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा के साथ एक प्रमुख वैश्विक सहयोग की घोषणा की है। यह साझेदारी 2026 में आने वाली फैशन-आधारित फिल्म के साथ मिलकर द डेविल वियर्स प्राडा 2 यूनिवर्स में फोन की क्षमताओं को दिखाएगी। गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा में सर्कल टू सर्च विद गूगल जैसे उन्नत एआई फीचर्स पर जोर दिया गया है।

### कामधेनु मप्र में करेगी उपस्थिति को और मजबूत

**भोपाल।** कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी ने मध्य प्रदेश में अपने प्रीमियम टीएमटी बार कामधेनु नेक्स्ट की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। कामधेनु ने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार कामधेनु नेक्स्ट की उत्पादन क्षमता को 10 फीसदी तक का लक्ष्य रखा है। निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा कि हम एमपी में प्रीमियम टीएमटी बार, कामधेनु नेक्स्ट की बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं।

### एमएंडएम का पेटेंट पोर्टफोलियो 20 गुना बढ़ा

**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) में निरंतर निवेश और 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराते हुए घोषणा की है। कंपनी को मिलने वाले पेटेंट की संख्या में 20 गुना वृद्धि हुई है। यह वित्त वर्ष 2016 में स्थापना के समय मिले 56 पेटेंट से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में 1334 हो गई है। मार्च 2026 तक एमएंडएम द्वारा दायर किए गए आवेदनों की कुल संख्या 2,728 है।

### टेक महिंद्रा का एबिट 7,152 करोड़ रुपए पहुंचा

**मुंबई ।** टेक महिंद्रा ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई तिमाही एवं वर्ष के लिए समेकित वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। आय 638.5 करोड़ डॉलर रही। एबिटडा 79.7 करोड़ डॉलर ,तिमाही दर तिमाही 290 आधार अंक ऊपर, कर बाद लाभ 53.7 करोड़ डॉलर, मुक्त नकदी प्रवाह 61.6 करोड़ डॉलर, हासिल नए सौदे टीवीसी 379.4 करोड़ डॉलर, साल दर साल 41.6 प्रतिशत अधिक दर्ज हुई।

### 70% तक की छूट, आम की सभी किस्में दरवाजे पर

**बेंगलुरु।** अमेजन ने गर्मी के इस सीजन में आम की किस्में अल्फांसो, रसपुरी, सिंधुरी, सफेदा, केसर और अन्य आम सीधे खेतों से लाकर दरवाजे तक पहुंचाने की घोषणा की है। अमेजन केवल ताजे फलों तक सीमित नहीं है। अमेजन नाउ पर 'आम-एज़िंग' स्टोरफ्रंट अब इस मौसम के पूरे स्वाद को एक साथ पेश कर रहा है। वह भी 70 फीसदी तक की छूट पर, जो लोग बेहतरीन फसल की तलाश में हैं।

---

## बिजनेस न्यूज

### कीटनाशक उत्पादों पर 18 फीसदी दर को घटाकर 5 फीसदी करने की पुरजोर सिफारिश

**मुंबई।** ईवाय और होम इन्सेक्ट कंट्रोल एसोसिएशन की एक संयुक्त रिपोर्ट ने घरेलू कीटनाशक उत्पादों पर जीएसटी की वर्तमान 18 फीसदी दर को घटाकर 5 फीसदी करने की पुरजोर सिफारिश की है। इस रिपोर्ट के अनुसार मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों से निपटने और ग्रामीण दूर-दराज के इलाकों तक इन उत्पादों की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है। होम इन्सेक्ट कंट्रोल एसो. के सचिव और निदेशक, जयंत देशपांडे ने जीएसटी राहत की तत्काल जरूरत पर ज़ोर देते कहाकि उच्च जीएसटी दरों के कारण, ये उत्पाद ग्रामीण इलाकों में कम किफायती हैं, जहाँ पैठ केवल 64-73फीसदी है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 92-99 फीसदी है। कम गुणवत्ता वाले और अनियंत्रित कीटनाशकों के इस्तेमाल को कम करने के लिए ब्रांडेड और सुरक्षित कीटनाशकों को सस्ता करना जरूरी है।

### इस्पा की संगोष्ठी में शीर्ष नेताओं ने दिया विकास एवं सैन्य एकीकरण पर जोर

**नई दिल्ली ।** इंडियन स्पेस एसोसिएशन (इस्पा ) की संगोष्ठी में शीर्ष रक्षा और अंतरिक्ष विशेषज्ञों ने देश के विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए त्वरित क्रियान्वयन, आत्मनिर्भरता और गहन नागरिक-सैन्य एकीकरण पर जोर दिया। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच, विशेषज्ञों ने संप्रभु अंतरिक्ष क्षमताओं को विकसित करने और अंतरिक्ष युद्ध के लिए रक्षा और निजी उद्योगों के बीच तालमेल को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। उद्घाटन सत्र को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने वर्चुअल तौर पर संबोधित किया। कार्यक्रम में एयर चीफ मार्शल (सेवानिवृत्त) एवं पूर्व चीफ ऑफ एयर स्टाफ आरकेएस भदौरिया, रक्षा एवं आरएंडडी विभाग के सचिव और चेयरमैन डीआरडीओ डाक्टर समीर वी. कामत, डिप्टी चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (ऑपरेशंस), मुख्यालय आईडीएस लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए. मीनवाला और इंडियन स्पेस एसोसिएशन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट सहित अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए।

### अमेजन ने जारी की शॉपिंग एक्सपीरिएंस रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** अमेजन ने अपनी पहली 'ट्रस्टवर्दी शॉपिंग एक्सपीरिएंस' रिपोर्ट जारी की है, जिसमें फर्जी रिव्यू, नकली उत्पादों और स्कैमर्स के खिलाफ की गई कार्रवाइयों के चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। यह रिपोर्ट ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों के भरोसे को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण देती है, जो मुख्य रूप से एआई और मशीन लर्निंग पर आधारित हैं। इस रिपोर्ट से अमेजन के सिस्टम, टेक्नोलॉजी, साझेदारियों और अपने स्टोर को सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाए रखने के लिए इसके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी मिलती है। रोहन ऊमैन, वाईस प्रेसिडेंट, वर्ल्डवाईड कस्टमर एवं पार्टनर ट्रस्ट ने कहाकि हमारा उद्देश्य ग्राहकों, ब्रांड्स और सैलर्स के लिए अपने स्टोर को सुरक्षित बनाना है। हम यह भी जानते हैं कि ग्राहकों की सुरक्षा के लिए बनाई गई नीतियाँ कभी-कभी उन सैलर्स के लिए बाधक हो जाती हैं, जो अपना व्यवसाय बढ़ाना चाहते हैं।

### उद्यमिता को बढ़ावा देने मेघालय में 'प्राइम इग्नाइट 2026' का आयोजन

**नई दिल्ली।** मजबूत और आत्मनिर्भर उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए प्राइम (प्रमोशन एंड इन्क्यूबेशन ऑफ मार्केट-ड्रिवन एंटरप्राइजेज) मेघालय ने 'प्राइम इग्नाइट 2026' का आयोजन किया। लोक भवन, शिलांग के दरबार हॉल में हुए इस कार्यक्रम में राज्य के उद्यमी और अधिकारी एक साथ आए। यहां उनकी रचनात्मक सोच को सामने लाया गया और उद्यमियों को मजबूत बनाने के लिए जरूरी सुविधाओं की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण 'प्राइम वार्षिक पुस्तिका' का विमोचन रहा। इसके साथ ही इसमें योगदान देने वालों और संपादकीय टीम को सम्मानित किया गया। इस पुस्तिका में पिछले एक साल में प्राइम के तहत हुए काम, साझेदारियां और उसके प्रभाव को सरल तरीके से बताया गया है। डॉ. माजेल अम्पारेन लिंगदोह, सलाहकार, मेघालय सरकार (योजना, निवेश प्रोत्साहन और सतत विकास) ने कहा कि राज्य उद्यमिता को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहाकि हम नवाचार को किस्मत नहीं मानते। 'इग्नाइट' का मतलब है कि विचार लोगों से आते हैं, सरकार उनका साथ देती है और यह सुनिश्चित करती है कि शुरुआत से लेकर बाजार तक उन्हें पूरा समर्थन मिले। उन्होंने बताया कि सीएम एलीवेट के तहत 2,847 उद्यमियों को जोड़ा गया है, 885 से ज्यादा इकाइयों को वित्तीय सहायता दी गई है और 1,350 प्राइम स्टार्टअप्स का पंजीकरण हुआ है।

### फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन ने महिलाओं के उद्यमों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया

**नई दिल्ली ।** वित्तीय वर्ष 2026–27 के दौरान फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन जो फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला उद्यमियों की शाखा है ने उन पहलों को प्राथमिकता देगा जो सहायक वातावरण बनाती हैं, प्रमुख उद्योगों को मजबूत करती हैं और महिला उद्यमियों को स्थायी रूप से अपने उद्यमों को बड़े पैमाने पर ले जाने में सहायता करती हैं। इसके प्रयास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल साक्षरता, एमएसएमई, वित्तीय समावेशन और नीतिगत वकालत जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों तक फैले होंगे। फिक्की फ्लो की 43वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग ने कहाकि सशक्तिकरण केवल पहुंच के बारे में नहीं है यह अनुभव, प्रेरणा और परिवर्तन के बारे में है। यह एक ऐसा मंच है जहां उद्यमियों को दिशा मिलती है, नेताओं को उद्देश्य मिलता है और महिलाओं को अपनी आवाज मिलती है। सुश्री पूजा गर्ग ने कहा कि फ्लो केवल गतिविधियों पर आधारित जुड़ाव से हटकर, मापने योग्य और परिणामों पर आधारित प्रभाव की ओर बढ़ रहा है।

**मां बगलामुखी प्राकट्योत्सव श्रद्धा-भक्ति के साथ सम्पन्न, सहस्त्रार्चन व महाआरती में उमड़ा जनसैलाब**

# पीतांबरा मां करती हैं भक्तों का कल्याण, शत्रुओं का स्तंभन : ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द

हरिभूमि, जबलपुर।

श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में भगवती पीतांबरा मां बगलामुखी का प्राकट्योत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। यह पावन आयोजन जगद्गुरु शंकराचार्य पीठाधीश्वर महाराज के निजी सचिव ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द जी महाराज एवं ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।





## सहस्त्र नामों से हुआ पूजन, भव्य महाआरती ने बांधा समां

प्राकट्योत्सव के अवसर पर मां बगलामुखी का सहस्त्र नामों से पूजन-अर्चन किया गया। आम्रफल, लड्डू एवं द्राक्षा (किशमिश) अर्पित कर विधि-विधान से सहस्त्रार्चन संपन्न हुआ। इसके पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर मां के जयकारों से मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। दीपों की ज्योति और भक्ति रस से सराबोर वातावरण ने सभी को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की।

## प्राकट्य की कथा सुन भक्तों को दिया आध्यात्मिक संदेश

ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द महाराज ने अपने प्रवचन में मां बगलामुखी के प्राकट्य की पौराणिक कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सतयुग में जब एक भयंकर तूफान से संपूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई थी, तब भगवान विष्णु ने सौराष्ट्र स्थित हरिद्रा सरोवर के तट पर कठोर तपस्या की। उनकी साधना से प्रसन्न होकर भगवती बगलामुखी उस सरोवर से प्रकट हुईं और अपने दिव्य प्रभाव से उस विनाशकारी तूफान का स्तंभन कर जगत की रक्षा की। इसी प्रकार मां बगलामुखी को 'स्तंभन शक्ति' की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है।

## 'ब्रह्मास्त्र' स्वरूप मां देती हैं रक्षा और विजय का आशीर्वाद

महाराज ने बताया कि मां बगलामुखी महाविद्या, भगवान विष्णु के तेज से युक्त होने के कारण वैष्णवी स्वरूप हैं। उन्हें 'ब्रह्मास्त्र' के रूप में भी जाना जाता है, जो साधकों और भक्तों के समस्त संकटों का निवारण कर उन्हें शत्रुओं पर विजय दिलाती हैं। मंगलयुक्त चतुर्दशी की अर्धरात्रि में उनके प्राकट्य का विशेष महत्व बताया गया है, जो साधना और उपासना के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है।

## भक्तों की उपस्थिति से सजी आस्था की महफिल

इस अवसर पर भारत सिंह यादव, मधु यादव, संदीप जैन, सच्चिदानंद शेकटकर, बी.के. पटेल, श्याम चौदहा, सुधांशु गुप्ता, आलोक तिवारी, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पीयूष दीक्षित, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य, राज गुप्ता, गोविंद साहू, शिव गुप्ता, गौरव चौबे, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, शुभम चौरसिया, अभिषेक उपाध्याय मीडिया प्रभारी मनोज सेन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# एमपी-पीजीसीएल के नारी शक्ति वंदन समारोह में महिला कर्मचारियों का हुआ सम्मान

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा शक्ति भवन स्थित मंडल कक्ष में "नारी शक्ति वंदन समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करना और उन्हें प्रोत्साहित करना रहा। इसमें 100 से अधिक महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ. रीना जैन ने कार्यरत महिलाओं की भूमिका और सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तनाव से पहले उसके कारणों को समझना जरूरी है। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीना श्रीवास्तव ने महिला स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए छोटी लापरवाहियों से बचने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। मनीषा लुम्बा ने तनाव प्रबंधन पर विचार साझा करते हुए योग और ध्यान को दैनिक जीवन में अपनाने पर जोर दिया।इस अवसर पर प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने महिला कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें कंपनी की सशक्त नींव बताया। कार्यपालक निदेशक दीपक कश्यप ने भी महिला कार्मिकों के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें कंपनी की अमूल्य धरोहर कहा। कार्यक्रम में डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम, डायरेक्टर कमर्शियल मिलिंद भांदक्कर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम सभा में पार्षद मुकीमा अंसारी ने उठाए सफाई व महिला आरक्षण के मुद्दे

**जबलपुर।** नगर निगम की दो दिवसीय साधारण सभा में डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड की पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने शहर एवं वार्ड से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सफाई व्यवस्था पर चिंता जताते हुए ठेकेदार का समय बढ़ाने और बर्फानी कंपनी को नाइट स्वीपिंग का कार्य दिए जाने का विरोध किया। उनका कहना था कि पिछले एक वर्ष से पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हुई है और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण भी बाधित है, जिससे आमजन परेशान हैं और महामारी की आशंका बढ़ रही है। महिला आरक्षण के विषय में उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने जनगणना और परिसीमन के बाद समान भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा पार्षद अंसारी ने शहर के विभिन्न चौराहों और सड़कों के नामकरण एवं विकास के सुझाव भी दिए। उन्होंने चारखंबा चौक, गोहलपुर थाना चौक और बहोराबाग चौराहे के नामकरण व विस्तार की मांग करते हुए स्थानीय ऐतिहासिक एवं सामाजिक व्यक्तित्वों के नाम पर इन्हें विकसित करने का प्रस्ताव रखा।

# जबलपुर में करियर मार्गदर्शन समिति का गठन विद्यार्थियों को मिलेगी निःशुल्क काउंसलिंग

**जबलपुर।** सत्र 2026-27 में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु जबलपुर संभाग में "संभाग स्तरीय करियर मार्गदर्शन समिति" का गठन किया गया है। इस पहल के तहत "निःशुल्क ऑनलाइन/ऑफलाइन विषय चयन एवं करियर काउंसलिंग" की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिरिक्त संचालक डॉ. पंजाबराव चंदेलकर ने किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से विषय चयन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शासकीय योजनाओं एवं प्रवेश संबंधी सभी जिज्ञासाओं का समाधान मिलेगा। संभागीय समन्वयक प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि समिति में 74 प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, मनोवैज्ञानिक एवं काउंसलर शामिल हैं, जो प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक मोबाइल एवं ई-मेल के माध्यम से विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे।



ऑफलाइन काउंसलिंग हेतु विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय कार्यालय (शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर) में उपस्थित होकर भी अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. रविश तमन्ना ताजिर, डॉ. जागेश्वर प्रजापति, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. उमा भारती धुर्वे, डॉ. तरुणेद्र साकेत, डॉ. उर्मिला शर्मा, डॉ. मधु अवस्थी, डॉ. संघा सिंह, डॉ. प्रज्ञा रामगिरि सहित अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

**राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा 2026 कल**

# जूते-मोजे पहनकर प्रवेश रहेगा वर्जित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के लिए प्रशासन ने सख्त गाइडलाइन जारी की है। रविवार 26 अप्रैल को दो सत्रों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने और किसी भी प्रकार की नकल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षार्थियों को विशेष नियमों का पालन करना होगा। परीक्षा के दौरान सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए इस बार परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश करना पूरी तरह निषिद्ध रहेगा, परीक्षार्थी केवल चप्पल या सैंडल पहनकर ही केंद्र पर आ सकेंगे। परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ-साथ बेल्ट, पर्स, टोपी, धूप का चश्मा और बालों के क्लचर जैसी एक्सेसरीज ले जाना भी वर्जित किया गया है। स्टेशनरी के तौर पर पेंसिल, रबर और व्हाइटनर का उपयोग भी वर्जित रहेगा; परीक्षार्थी केवल ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र और गोले बनाने के लिए निर्धारित पेन, स्वयं का फोटोग्राफ, पानी की पारदर्शी बॉटल, दिव्यांग परीक्षार्थियों को उनके लिए आवश्यक सामग्री ही साथ ला सकेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थियों के कक्ष में प्रवेश से पहले उनकी सघन तलाशी ली जाएगी।



# निर्माण व मरम्मत कार्यों की संभागीय समीक्षा में समय-सीमा व गुणवत्ता पर दिया जोर

**जबलपुर।** समग्र शिक्षा अभियान, पीएम श्री एवं राज्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक 24 अप्रैल को जबलपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर संचालक मनीष वर्मा (लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल) ने की। बैठक में संभाग के सभी जिलों के निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय-सीमा की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान स्टेट प्रोग्रामर सुमनकांत जैन, सहायक संचालक अभिजीत पांडेय एवं हिमांशु शर्मा ने तकनीकी मार्गदर्शन प्रस्तुत किया। संबंधित अधिकारियों द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्यों की वर्तमान स्थिति, व्यय एवं भौतिक सत्यापन की जानकारी दी गई। बैठक में सभी कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने, गुणवत्ता बनाए रखने एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संयुक्त संचालक अरुण इंगले, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित संभाग के विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व अपर संचालक मनीष वर्मा ने पाटन विकासखंड के पीएम श्री विद्यालयों—शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नुनसर एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटन का निरीक्षण किया। उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए, साथ ही अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार समय पर कार्य पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया।



**जनगणना 2027**

# अनुभवी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में हो रहा है प्रशिक्षण

**जबलपुर।** नगर निगम के 16 संभागों के लिए जनगणना कार्य हेतु 860 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 अप्रैल 2026 से सफलतापूर्वक शुरू हो चुका है। यह प्रशिक्षण आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) मढ़ोताल के 20 विभिन्न कक्षों में आयोजित किया जा रहा है, जहाँ सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में इस पूरे कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

जनगणना कार्य की बारीकियों को सिखाने के लिए मास्टर ट्रेनर्स और सहायक प्राध्यापकों की टीम तैनात की गई है। इसमें प्रो. चंद्रशेखर राजहंस, मनोज नथानी और जनगणना निदेशालय से आए विशेषज्ञ शामिल हैं। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नगर जनगणना अधिकारी मनोज श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। कार्य की महत्ता को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सख्त है। प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों पर तुरंत संज्ञान लिया गया है ताकि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में कोई बाधा न आए और कार्य पूरी गंभीरता से संपन्न हो। यह प्रशिक्षण 25 अप्रैल 2026 तक चलेगा, जिसके बाद प्रशिक्षित टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गणना कार्य के लिए पूरी तरह तैयार होगी।

**नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच**

# पीने के पानी की 80 प्रतिशत पाईप लाईनें नालियों से गुजरने की जांच अधर में

**एन.जी.टी. द्वारा गठित समिति ने एक माह बीतने पर भी जाँच नहीं की**

**जबलपुर।** नोडल एजेन्सी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने केवल पत्र लिखकर चुप्पी साधी दूषित पेयजल सप्लाय पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल द्वारा गठित समिति ने एक माह बीतने के बावजूद भी जाँच तक शुरू नहीं की है। समय रहते नहीं संभले तो दूषित पानी की सप्लाय कहर बरपा सकती है। इससे चिंतित होकर उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों से चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि पीने के पानी की 80 प्रतिशत पाईप लाइनें नालियों से गुजर रही हैं, यह पाईप लाईनें 40-50 वर्ष पुरानी हैं, जो क्षतिग्रस्त तथा क्षीण हो गयी हैं, इस कारण दूषित जल पीने के पानी में मिल रहा है। परिणाम स्वरूप दुर्गंध वाला गंदला पानी सप्लाय हो रहा है। इस बाबद् डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव द्वारा दायर याचिका पर एन.जी.टी. ने 16 मार्च को समिति गठित कर निर्देश दिया था कि स्थल दौरा कर एक माह के भीतर रिपोर्ट पेश करें। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोडल एजेन्सी बनाकर कलेक्टर तथा आयुक्त नगर निगम को समिति सदस्य बनाया गया। मामले की सुनवाई 20 अप्रैल को तय की गई थी।

लेकिन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस एक माह के भीतर केवल एक पत्र लिखा। कलेक्टर तथा आयुक्त नगर निगम ने इस समिति हेतु प्रतिनिधि अभी तक नामांकित नहीं किये, ऐसे में समिति का कार्य शुरू तक नहीं हुआ है।चर्चा में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी के.पी. सोनी तथा वैज्ञानिक अंजना इक्का शामिल थीं। मंच के प्रतिनिधि मंडल में एड. वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा तथा एड. ब्रजेश साहू भी शामिल थे।

## दिशा समिति की बैठक आज

**जबलपुर।** लोकसभा सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में शनिवार 25 अप्रैल को जिला पंचायत परिसर में दिशा समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में जिले के विकास और लोक कल्याण से जुड़ी शासन की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की जाएगी। बैठक के एजेंडे में नगर निगम और अन्य नगरीय निकायों के अंतर्गत संचालित अमृत परियोजना के साथ-साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं हरीश पृथ्यानी HARISH PRITHYANI पिता मुरलीधर पृथ्यानी MURLIDHAR PRITHYANI निवासी ई / 2, गिरिराज किशोर वार्ड, सुंदरबिहार ज्ञान बिहार जबलपुर म.प्र. 482001 कथन करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट नं. N6538668 में मेरा नाम HARISH PRATHYANI पिता MURLIDHAR PRATHYANI गलत है मेरा वास्तविक नाम HARISH PRITHYANI पिता MURLIDHAR PRITHYANI दर्ज हो गया है। अतः मुझे हरीश पृथ्यानी HARISH PRITHYANI पिता मुरलीधर पृथ्यानी MURLIDHAR PRITHYANI नाम से जाना व पहचाना जाये।

पूर्व नाम-हरीश पृथ्यानी
HARISH PRATHYANI
पिता-मुरलीधर पृथ्यानी
MURLIDHAR PRATHYANI
परिवर्तित नाम-HARISH PRITHYANI
पिता-MURLIDHAR PRITHYANI

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )**
( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
अपील क्रमांक-MA/3487/2024
**Process Id: 61471/2026**
THE NEW INDIA ASSURANCE COMPANY CO. LTD.
अपीलार्थी
OMKAR YADAV S/O SHRI DUKKHI YADAV AGED ABOUT 35 YEARS OCCUPATION LABOR (DEAD) THROUGH LEGAL HEIRS, प्रत्यर्थी

सन् 2018 के MACC क्रमांक-4298 सन् 2018 में न्यायालय Member, MACT, Shri Rajesh Nandeshwar, Bhopal (M.P) की डिक्री/आदेश, दिनांक 26-01-2024 के विरूद्ध अपील।

प्रति, Jitendra Singh S/o Bhopal Singh R/o Village Dhangawan, Post Dhangawan Majholi, Jabalpur, District-Jabalpur Madhya Pradesh

प्रत्यर्थी, अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 26/03/2026 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 26/03/2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :- 1 ) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 26/03/2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक.... को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना ( नोटिस )**
( अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14 )
अपील क्रमांक-MA/1577/2025
**Process Id: 124192/2026**
THE NEW INDIA ASSURANCE COMPANY CO. LTD.
अपीलार्थी
BHUPENDRA SINGH, प्रत्यर्थी

सन् 2019 के MACC क्रमांक-136 सन् 2019 में न्यायालय 13th Addi, Member, MACT, Shri Jaishankar Shrivastav, Jabalpur (M.P) की डिक्री/आदेश, दिनांक 18-09-2024 के विरूद्ध अपील।

प्रति, Bhupendra Singh S/o Veer Singh, Through Next Friend Veer Singh S/o Moorat Singh, R/o Bamoora Kunj,Thana Rehli, Sagar, Present Address- In House Of Gudda Chaudhary Mohalla, Katngi, Thana Katangi, District-Jabalpur, Madhya Pradesh

प्रत्यर्थी, अपील की सुनवाई का दिनांक - कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellant द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीयित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 22/06/2026 नियत की गई है। आपत्तियाँ, प्रति आपत्तियाँ, यदि कोई हो, इस सूचना ( नोटिस ) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए। कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक- कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 22/06/2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है। सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये :- 1 ) कागज का विवरण ( दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या ) ( 1 ), ( 2 ) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है ( यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें ) ( 2 ), ( 3 ) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ ( कार्यालय में भरा जाय ) ( 3 )। यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हों, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 22/06/2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक-17.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

# एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी का 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 मई से रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में किया जाएगा।इस शिविर में विद्युत कंपनियों के कार्मिकों के बच्चों के साथ-साथ उनके आश्रित बच्चे भी भाग ले सकेंगे। शिविर में कुल 13 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें पारंपरिक खेलों के साथ-साथ शूटिंग और एरोबिक्स भी शामिल हैं।केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एफ.के. मेश्राम ने बताया कि यह शिविर नगर का सबसे बड़ा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर माना जाता है। इसमें क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस (8–16 वर्ष), वॉलीबॉल (10–16 वर्ष), शरीर सौष्ठव एवं फिजिकल फिटनेस (12–16 वर्ष), स्केटिंग (8–14 वर्ष), मार्शल आर्ट ताइक्वांडो (16 वर्ष तक) तथा कुश्ती (8–16 वर्ष) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा शूटिंग में 10 वर्ष से अधिक आयु के बालक-बालिका तथा एरोबिक्स में 10 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। योग प्रशिक्षण की भी विशेष व्यवस्था की गई है। सभी प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाएगा। शिविर में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित प्रपत्र लेकर पाण्डुताल मैदान के निकट मशाल परिसर स्थित क्रीड़ा एवं कला परिषद कार्यालय में सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

**यश गौरव छात्र सम्मान 2026**

# मेधावी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

जबलपुर।

यश हायर सेकेंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में "यश गौरव छात्र सम्मान 2026" समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्साह, गर्व और उपलब्धि के माहौल में सम्पन्न हुआ। समारोह में पार्षद एवं समाजसेवी विमल राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प का परिणाम होती है।




कार्यक्रम संस्था संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी एवं प्राचार्य सोनल तिवारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है और उन्हें विभिन्न प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रमुख टॉपर्स में मैथिली दुबे (93%), नंदिनी राठौर (93.8%), महिमा मिश्रा (91.8%), शिवम पटेल (92.4%), विवेक साहू (92%), कृषा कुमार पटेल (91.6%), गजाला अंसारी (90.2%), अहद आरजू (90.2%) एवं परास अग्रवाल (90%) शामिल रहे। अन्य विद्यार्थियों में गुलनार बानो, ईशा रजक, अनुष्का विनोदिया, नूपुर छेदम, सिमरन नामदेव, आदि चौधरी, देवांश श्रीवास्तव, हर्ष दुबे, कुमकुम विश्वकर्मा, नमन पटेल, आयुष पटेल, समीर विश्वकर्मा, हेमन सिंह, छवि कोरी, अलंकृत उपाध्याय, नूरीन अंजुम, सृष्टि यादव, रागिनी अहिरवार, सौम्य विश्वकर्मा, शौहेला मंसूरी एवं कार्तिक कुशवाहा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रेया तिवारी, अतुल श्रीवास्तव, रिंकू शाह, प्रतीक्षा ज्योतिषी सहित समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। अंत में प्राचार्य सोनल तिवारी ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।